Seat No. : _______________

# MC-123(H)

**March-2022**

**B.Com., Sem.- I**

**CC-103 : Accountancy – I**

**Time : 2:00 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**सूचना :** (1) विभाग–I के **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
(2) विभाग–**I** में से कोई भी **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
(3) विभाग-**II** का प्रश्न **5** अनिवार्य है ।

## विभाग – I

1. राजकोट के रमणभाई ने ता. 01-10-20 के दिन, सूरत के संजयभाई को 300 टेबल पंखों का माल प्रेषित किया । टेबल पंखों का लागत मूल्य ₹ 1,200 प्रति पंखा था, परंतु प्रोफोर्मा बिल, बिल कीमत पर 25% लाभ दर्शाए इस प्रकार बनाया गया था । **20**

उसी दिन रमणभाई ने निम्नलिखित खर्चे किए :

गाड़ी भाड़ा ₹ 1,000, भाड़ा ₹ 1,500, बीमा प्रीमियम ₹ 5,000.

उसी दिन संजयभाई ने रमणभाई को ₹ 2,55,150 का बैंक ड्राफ्ट भेजा ।

ता. 31-03-21, के दिन संजयभाई ने बिक्री खाता एवं देय राशि का बैंक ड्राफ्ट भेजा ।

उन्होंने बिक्री खाते में उल्लेख किया कि –

(1) उन्होंने 140 टेबल पंखे, ₹ 1,900 प्रति टेबल पंखे की दर से नकद बेचे ।

(2) उन्होंने ₹ 2,000 प्रति टेबल पंखे की दर से 90 पंखे मनिषभाई को उधार पर बेचे ।

(3) उन्होंने 40 पंखे, ₹ 1,950 प्रति टेबल पंखे की दर से अमितभाई को रमणभाई की सिफारिश एवं जिम्मेदारी पर भेजे ।

(4) संजयभाई ने निम्न खर्चे किये :
जकात ₹ 4,500, गाड़ीभाड़ा ₹ 1,500, बिक्री खर्च ₹ 1,850.

(5) मनिषभाई एवं अमितभाई दिवालिया हो गए एवं उनके पास से 60% रकम ही वसूल की जा सकी ।

(6) संजयभाई बिक्री पर 5% कमीशन एवं उधार बिक्री पर 2% प्रत्यायक कमीशन प्राप्त करने के हकदार हैं ।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर, बनाएँ :

रमणभाई की किताबों में

(i) प्रेषित माल खाता

(ii) माल प्राप्तकर्ता (संजयभाई) खाता

2. (A) परतंत्र शाखा एवं स्वतंत्र शाखा के बीच में अंतर लिखिए । **10**

(B) निष्ठा लि. की बहियों में, ता. 31-03-2021 को खत्म होने वाले वर्ष के लिए निम्नलिखित शाखा खाता बनाया गया था । शाखा का व्यापार खाता एवं लाभ-हानि खाता तैयार कीजिए : **10**

**Dr.** **शाखा खाता** **Cr.**

| विवरण | | (₹) | विवरण | | (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| शेष आगे लाए (01/04/20) | | | शाखा ने वापस किया माल | | 50,000 |
| स्टॉक | 1,00,000 | | नकद खाता (विविध आय) | | 4,000 |
| नकद | 5,000 | | नकद खाता (बिक्री) | | 6,96,000 |
| खुदरा नकद | 300 | | शेष आगे ले गए (31-03-21) | | |
| फर्नीचर | 15,000 | 1,20,300 | स्टॉक | 80,000 | |
| शाखा को भेजा माल खाता | | 6,00,000 | नकद | 5,000 | |
| नकद खाता (खुदरा नकद) | | 400 | खुदरा नकद | 200 | |
| नकद खाता (खर्चे) | | | फर्नीचर | 11,500 | 96,700 |
| मजदूरी | 1,000 | | | | |
| वेतन | 15,000 | | | | |
| किराया | 7,500 | | | | |
| विज्ञापन | 2,500 | 26,000 | | | |
| लाभः सामान्य लाभ-हानि खाते ले गए | | 1,00,000 | | | |
| | | **8,46,700** | | | **8,46,700** |

3. अहमदाबाद के अनिलभाई, वडोदरा के वसंतभाई के साथ स्मार्ट टी.वी. बेचने तथा लाभ-हानि समान अनुपात में विभाजित करने हेतु एक संयुक्त उद्यम में जुड़े । अनिलभाई ने ₹ 5,00,000 एवं वसंतभाई ने ₹ 5,00,000 का योगदान संयुक्त उद्यम के लिए किया, जिससे एक संयुक्त बैंक खाता खोला गया था । **20**

अनिलभाई ने ₹ 20,000 / टीवी के दर से 20 स्मार्ट टीवी खरीदे, जिसका भुगतान उन्होंने संयुक्त बैंक खाते में से किया । जकात तथा बीमा प्रीमियम के ₹ 3,000 एवं ₹ 10,000 अनिलभाई ने अपनी निजी नकद से किया ।

वसंतभाई ने ₹ 16,000 / टीवी के दर से 14 स्मार्ट टीवी खरीदे जिसका भुगतान उन्होंने संयुक्त बैंक खाते में से किया । संपूर्ण माल (सिवाय 4 स्मार्ट टीवी के जिनका रास्ते में ही नुकसान हो गया) प्रति टीवी ₹ 30,000 की दर से बेच दिया गया ।

वसंतभाई ने प्रत्येक खराब टी.वी. की मरम्मत के लिए ₹ 3,250 का खर्च किया जिसका भुगतान उसने अपनी निजी नकद द्वारा किया । अंत में वह चारों ₹ 25,000 / टीवी के दर से वसंतभाई द्वारा बेची गई थी ।

संयुक्त उद्यम खाता, संयुक्त बैंक खाता तथा भागीदार का खाता बनाइए ।

4. (A) लेखा-शास्त्र (लेखांकन) में कम्प्यूटर की उपयोगिता एवं मर्यादाओं को स्पष्ट कीजिए । **10**

(B) कम्प्यूटर के मूलभूत अंगों को समझाइए । **10**

## विभाग – II

5. सही उत्तर लिखो : (कोई भी **पाँच**) **10**

(1) माल प्रेषक एवं माल प्राप्तकर्ता के बीच ________ का संबंध होता है ।

(A) मालिक एवं ऐजंट (B) विक्रेता एवं खरीददार

(C) देनदार एवं लेनदार (D) लेनदार एवं देनदार

(2) ________ आवर्ती खर्च है ।

(A) विज्ञापन खर्च (B) माल छुड़वाने का खर्च

(C) भेजे हुए माल का बीमा (D) उपरोक्त सभी

(3) प्रत्यायक कमीशन की गणना ________ पर की जाती है ।

(A) उधार बिक्री (B) कुल बिक्री

(C) नकद बिक्री (D) बेचे हुए माल की लागत

(4) मुख्य ऑफिस ने वर्ष के दौरान ₹ 4,000, पेटी (खुदरा) नकद के रूप में अपनी शाखा को भेजी । पेटी नकद का शुरूआती एवं अंतिम बेलेंस क्रमशः ₹ 1,200 एवं ₹ 800 था । शाखा का वर्ष दरम्यान पेटी नकद खर्च ______ होगा ।

(A) ₹ 4,000 (B) ₹ 4,800

(C) ₹ 4,400 (D) ₹ 5,200

(5) शाखा द्वारा चुकाये गए विविध खर्चों की रकम ज्ञात करने के लिए ______ खाता बनाना पड़ता है ।

(A) लेनदार खाता (B) देनदार खाता

(C) पेटी (खुदरा) नकद खाता (D) कम्प्यूटर खाता

(6) मुख्य ऑफिस अपनी शाखा को लागत कीमत पर $33\frac{1}{3}$% चढ़ाकर बिल कीमत पर माल भेजती है, तो लाभ बिल कीमत का ______ होगा ।

(A) 50% (B) 20%

(C) 25% (D) 100%

(7) राम एवं श्याम एक संयुक्त उद्यम में जुड़ते हैं । राम ₹ 25,000 श्याम को देता है । तब यह लेनदेन राम की बहियों में कौन से खाते में लिखा जाएगा ?

(A) संयुक्त उद्यम खाते (B) श्याम के खाते

(C) खर्च खाते (D) किसी भी खाते में नहीं

(8) निम्न में से किस व्यापार में संयुक्त उद्यम किया जा सकता है ?

(A) दैनिक अखबार

(B) त्यौहार के मेले में खिलौनों का स्टॉल चलाना

(C) दवाइयों की दुकान

(D) कपड़ों की दुकान

(9) संयुक्त उद्यम खाता ________ के समान है ।

(A) सिर्फ आर्थिक चिट्ठा

(B) व्यापार एवं लाभ-हानि खाता

(C) सिर्फ व्यापार खाता

(D) सिर्फ लाभ-हानि खाता

(10) यह CPU का एक भाग है :

(A) की-बोर्ड (B) निर्गम इकाई

(C) उपरोक्त दोनों (D) नियंत्रण इकाई

(11) ______ कुंजी का उपयोग आर्थिक चिट्ठा एवं लाभ-हानि खाते की जानकारी प्राप्त करने में होता है ।

(A) Alt + R (B) Alt + D

(C) Alt + F2 (D) Alt + F1

(12) Tally में, रोजनामचा के लिए कौन सी कुंजी उपयोगी है ?

(A) F5 (B) F6

(C) F8 (D) F7

---